कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
पत्रांक– 927 /11–सी–FP/UP/Road/35326/2018, लखनऊ, दिनांकः सितम्बर 09 ,2021

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग–2,
उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

विषयः– जनपद–सोनभद्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के अंतर्गत पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड लोक निर्माण विभाग सोनभद्र द्वारा प्रस्तावित प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (एल0डब्लू0ई0) के अंतर्गत रामपुर बरकोनिया वाया मउकला से लौवा सम्पर्क मार्ग किमी0 00.00 से 20.200 तक के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु कुल 8.01 हे0 आरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 58 वृक्षों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।

संदर्भः– उ0प्र0 शासन का पत्रांक–62/81–2–2020–800(65)/2020, दिनांक 28.08.2020 एवं मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर का पत्रांक–865/मी0क्षे0/33, दिनांक 24.08.2021

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने की कृपा करें। उ0प्र0 शासन के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयगत प्रकरण में सैद्वान्तिक स्वीकृति निर्गत की गयी है। उक्त सैद्वान्तिक स्वीकृति में निहित शर्तों की बिन्दुवार अनुपालन आख्या मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर के उपरोक्त पत्रांक–865/मी0क्षे0/33, दिनांक 24.08.2021 द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है तथा प्रकरण में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा एन0पी0वी0 एवं क्षतिपूरक वृक्षारोपण की धनराशि एड–हॉक कैम्पा में ऑनलाइन e-payment portal के माध्यम से ई–चालान द्वारा जमा किया गया है, जिसकी पुष्टि संलग्न है।

अतः उक्त पत्र की छायाप्रति सहित बिन्दुवार अनुपालन आख्या ऑनलाइन "परिवेश" पोर्टल पर अपलोड कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया विषयगत प्रकरण में आवश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

**<u>संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।</u>**

भवदीय

(अनुपम गुप्ता)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

**संख्या– 827 /11–सी–FP/UP/Road/35326/2018, दिनांकित।**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, सोनभद्र वन प्रभाग, सोनभद्र।
3. अधिशासी अभियन्ता, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना खण्ड, लो0नि0वि0, सोनभद्र।

(अनुपम गुप्ता)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

Acy-99